प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

चिरेका में नए आगंतुक कक्ष और मिहिजाम भवन का महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन

चित्तरंजन,26.08.2024;
चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के प्रशासनिक भवन के ग्राउंड फ्लोर में नए आगंतुक कक्ष का श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक द्वारा आज 26.08.2024 को विधिवत उद्घाटन किया गया । इस कक्ष का शुभारंभ के साथ ही बुनियादी सुविधाओं से लैस यह आगंतुक कक्ष अब आगंतुकों को सेवा और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध होगा।

बाद में, श्री एस.के. प्रधान, एसएसई, कॉलोनी-I और श्री पी.एस. मंडल, एईएन, कॉलोनी-I ने महाप्रबंधक श्री हितेंद्र मल्होत्रा की उपस्थिति में पुनर्निर्मित मिहिजाम भवन का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस नवीनीकृत सबोर्डिनेट गेस्ट हाउस भवन में कई आधुनिक सेवा और सुविधाओं का विस्तार किया गया है। जिसका लाभ यहां विश्राम करने वाले आगंतुकों को प्राप्त होगा।

इस मौके पर सभी विभाग के प्रधान अध्यक्ष, वरीय अधिकारी गण और संबंधित कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन द्वारा जारी,